सत्रः 2025–26
अंक–3 (द्वैमासिक)
जनवरी–फरवरी 2025

# मेरठ कॉलेज, मेरठ Newsletter

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website : mcm.ac.in    E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*

## शीत ऋतु में मेरठ कॉलेज ने किया कंबलों का वितरण।
## गर्म वस्त्रदान शीत ऋतु का महादानः विवेक गर्ग




दिनांक 10/01/2025 दिन शुक्रवार को मेरठ कॉलेज में आयोजित वस्त्र बैंक के माध्यम से प्रातः 11:00 बजे से जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्रों का निशुल्क वितरण शारीरिक शिक्षा विभाग में किया गया। इस कार्यक्रम में जाफर वाला बाग, विक्टोरिया पार्क, महाविद्यालय परिसर तथा सिविल लाइन क्षेत्र से लगभग डेढ़ सौ महिला एवं पुरुषों को गर्म वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अवैतनिक सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार रावत ने गर्म कंबल एवं वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने कहा की मेरठ कॉलेज की यह एक अनूठी सामाजिक पहल है जिसके माध्यम से समाज के गरीब तबके की मदद करने की कोशिश की गई है। उन्होंने आगे कहा कि मेरठ कॉलेज को स्थापित हुए 132 वर्ष हो चुके हैं अतः इस शीत ऋतु में मेरठ कॉलेज प्रबंध तंत्र 132 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों में कर रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज रावत ने बताया की वस्त्र बैंक के द्वारा गर्म कपड़ों का यह निशुल्क वितरण प्रत्येक वर्ष मेरठ कॉलेज के द्वारा किया जाएगा। मेरठ कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों श्री आकाश जैन, श्री गिरीश गुप्ता एवं श्री मनीष संगल ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अच्छे शिक्षक और कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं : प्रो मनोज रावत



इग्नू स्टडी सेंटर मेरठ कॉलेज के अन्तर्गत बी.एड. द्वितीय वर्ष की 12 दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र का आयोजन दिनांक 15 जनवरी 2025 को मेरठ कॉलेज के शिक्षा विभाग में मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज कुमार रावत की अध्यक्षता तथा इग्नू स्टडी सेंटर मेरठ के समन्वयक प्रो चंद्रशेखर भारद्वाज तथा बीएड विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो मीनाक्षी शर्मा एवं बीएड विभाग के समस्त प्रोफेसरों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार रावत ने बताया की प्राइमरी शिक्षक ही सही मायने में शिक्षक होता है क्योंकि वह छोटे बच्चों को शिक्षा देता है। उन्होंने अपने शैक्षणिक ट्रेनिंग का जिक्र करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को करने से एक सामूहिकता का भाव पैदा होता है और जिससे जीवन भर के संबंध बनते हैं। इग्नू केंद्र के संबंध में प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही सही मायने में राष्ट्र निर्माता है क्योंकि राष्ट्र के बालक राष्ट्र का भविष्य होते हैं और इन्हीं बालकों को प्राइमरी शिक्षकों के द्वारा अक्षर बोध, भाषा बोध और सामाजिक बोध कराया जाता है। उन्होंने आह्वान किया कि आप उत्तर प्रदेश के एवं दिल्ली के लगभग 50 जिलों के प्रतिनिधि के रूप में यहां कार्यशाला में हिस्सा ले रहे थे। इन 12 दिनों में आप लोगों ने मिनी उत्तर प्रदेश के रूप में यहां कार्यशाला में सहभागिता की। यहां से जो भी आपने सीखा उसको अपने करियर में, बच्चों को पढ़ने में इस्तेमाल करें क्योंकि अच्छे शिक्षक और कठिन मेहनत का कोई विकल्प नहीं।

## मेरठ कॉलेज में हुई अग्रिम प्रवेश नीति की शुरुआत
## डिपार्टमेंट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने प्रारंभिक की अनूठी पहल






पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत वाली संस्था मेरठ कॉलेज मेरठ में सदैव से ही कुछ ना कुछ अभिनव प्रयोग होते रहे हैं। इसी कड़ी में आज मेरठ कॉलेज के डिपार्टमेंट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में विभिन्न एडमिशन कमेटियों की एक मीटिंग आहूत की गई। जिसमें मेरठ कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी ने सभी विभागों के प्रवेश कमेटियों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे मेरठ शहर के अंदर और ग्रामीण क्षेत्र में अभी से ही क्रमवार इंटर कॉलेज संस्थाओं से संपर्क करें और मेरठ कॉलेज के विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों में छात्रों की सीट सुरक्षित करवायें। उल्लेखनीय है कि मेरठ कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग में बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस और एम.एस.सी. कंप्यूटर साइंस का कोर्स संचालित है जो की बीसीए एवं एमसीए के समक्ष है। इसको करके छात्र शीघ्र रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स जैसा एक बहुत ही आधुनिक रोजगार परक कोर्स भी मेरठ

कॉलेज में संचालित है, जिसमें विद्यार्थी टेन प्लस टू में मिनिमम 45 प्रतिशत नंबरों के साथ प्रवेश ले सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद मेट्रो ग्रुप आफ हॉस्पिटल्स, पेप्सी, सिप्ला एवं मदर डेयरी जैसी कंपनियों में मेरठ कॉलेज से छात्र चयनित होते रहे हैं। इसी के साथ बायोटेक डिपार्मेंट में बी.एस.सी. बायोटेक संचालित है और फिजिकल एजुकेशन विभाग में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन कोर्स संचालित है। इसी प्रकार मेरठ कॉलेज में बी.कॉम. एलएलबी एवं बी.ए. एलएलबी के 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स भी उपलब्ध हैं जिससे छात्र न्यायिक सेवाओं में, आर्मी में, कॉरपोरेट सेक्टर में चयनित होते रहे हैं। वर्तमान में ही एक नया अति आधुनिक कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर क्राइम एंड लॉ मेरठ कॉलेज में लॉन्च किया गया है, जिसकी अवधि एक वर्ष की है और कोई भी स्नातक न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ इसमें प्रवेश लेने के लिए अर्ह है।

### मेरठ कॉलेज में हुई महिला सशक्तिकरण की पहल




दिनांक 21 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे मेरठ कॉलेज के सरस्वती महिला छात्रावास में इनर व्हील क्लब आफ मेरठ के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रोजेक्ट किया गया, जिसमें इनर व्हील क्लब मेरठ की अध्यक्षा अंजू पांडे, सचिव रूपा रस्तोगी, वाइस चेयरमैन प्रिया टंडन एवं शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ो छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज कुमार रावत ने कहा की स्वच्छ पेयजल एवं शारीरिक स्वच्छता मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं और कोई भी समाज इन दोनों के अभाव में उन्नति नहीं कर सकता। प्रो रावत ने इनर व्हील क्लब मेरठ की अध्यक्षा एवं सचिव इत्यादि अधिकारियों का सम्मान करते हुए बताया की समाज में 50 प्रतिशत महिलाएं हैं, यदि महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जाए तो कोई भी समाज आधुनिक नहीं बन सकता। उन्होंने सरस्वती महिला छात्रावास की वार्डन डॉक्टर श्वेता जैन एवं मेरठ कॉलेज के प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज के साथ मिलकर सरस्वती महिला छात्रावास में वाटर कूलर का उद्घाटन किया और उपस्थित 100 से भी अधिक छात्राओं को सेनेटरी पैड के पैकेट वितरित किए।

### मेरठ कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 128 वां जन्मदिवस
### महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस ने दी थी राष्ट्रपिता की उपाधि : प्रो के. डी. शर्मा



दिनांक 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को मेरठ कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा डॉ रामकुमार गुप्ता सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 128 वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो के.डी. शर्मा ने सुभाष चंद्र बोस के नेता बनने की कहानी प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री जे. के. अग्रवाल ने भी सहभागिता की। यहां उल्लेखनीय है की श्री जे.के. अग्रवाल आजाद हिंद फौज के कर्नल ढिल्लन के मित्र रहे हैं, और कर्नल ढिल्लन जब भी मेरठ आते थे तो श्री जे.के. अग्रवाल के आवास पर ही निवास करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग की प्रोफेसर अर्चना सिंह ने की और कार्यक्रम का संचालन प्रो चंद्रशेखर भारद्वाज ने किया। सभागार को संबोधित करते हुए डॉक्टर केडी शर्मा ने बताया कि कोलकाता के रिसर्च ब्यूरो में नेताजी से संबंधित कलेक्टिव वर्क ऑफ सुभाष चंद्र बोस नामक पुस्तकें है। इसके 12 खंड हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में इन 12 खंडों से उनके संपूर्ण जीवन का पता लग जाता है। 1937 में वह कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए और 1939 में पुनः अध्यक्ष चुने गए, किंतु गांधी जी से मतभेद के चलते उन्होंने त्यागपत्र दे दिया और फिर फारवर्ड ब्लाक की स्थापना की। 1939 में अंग्रेजी सरकार ने उन्हें घर में नजर बंद कर दिया किंतु वे एक अफगान का हुलिया धारण कर भारत से अफगानिस्तान और वहां से जापान एवं यूरोप जा पहुंचे। नेताजी ने जापान के नायक तूजो, इटली के नायक मुसोलिनी और जर्मनी के हिटलर से संपर्क किया। उनके व्यक्तित्व से यह सभी लोग प्रभावित थे। मोहन सिंह और रासबिहारी बोस के साथ उन्होंने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व संभाला और जब आजाद हिंद फौज की टुकड़ी को लेकर वह भारतीय सीमाओं की तरफ चले तो उन्होंने 6 जुलाई 1944 को महात्मा गांधी के नाम रेडियो संदेश भेजा। जिसमें पहली बार सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी को फादर ऑफ नेशन अर्थात राष्ट्रपिता कहा।

### मेरठ कॉलेज ने किया युवाओं से मतदान का आह्वान




25 जनवरी 2025 को दोपहर 2:00 बजे मेरठ कॉलेज के चुनावी साक्षरता क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के सेमिनार हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं में मतदान की प्रासंगिकता पर निबंध प्रतियोगिता, एक लघु नाटिका एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज कुमार रावत ने की। इस कार्यक्रम का संचालन चुनावी साक्षरता क्लब की संयोजिका प्रोफेसर पूनम सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका विषय था मुन्ना भाई का चुनाव और चुनाव में मुफ्त वादों की बौछार।

### मेरठ कॉलेज में 76 वें गणतंत्र दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम
### संविधान की सुरक्षा से ही होगी राष्ट्र रक्षाः डॉ ओपी अग्रवाल



दिनांक 26 जनवरी 2025 को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक महाविद्यालय मेरठ कॉलेज के प्रांगण में शहीद मंगल पांडे सभागार में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ कॉलेज के प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष श्री अमित बंसल कार्यक्रम में विद्यमान रहे। मेरठ महानगर भाजपा के महानगर अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र जैन ऋतुराज भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेरठ कॉलेज के प्रांगण में विद्यमान महात्मा गांधी की मूर्ति एवं शहीद ए आजम भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रो मनोज रावत, डॉ ओपी अग्रवाल, श्री अमित बंसल, श्री जयवीर सिंह, श्री अनुराग गौर इत्यादि ने इन ऐतिहासिक विभूतियों को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर ओपी अग्रवाल ने बताया कि आज इसी दिन 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागु हुआ था। भारतीय संविधान डॉ0

भीमराव अम्बेडकर जी की अध्यक्षता में बना। इसे बनने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। भारत के लिये गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व ही नही बल्कि गौरव और सम्मान का दिन है।

### कैंसर का निदान अनुशासित जीवन शैली से संभव –प्रो उमेश कुमार



दिनांक 4/2/2025 को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मेरठ कॉलेज की चिकित्सा समिति द्वारा कैंसर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आई एम एस, गाजियाबाद के प्रसिद्ध कैंसर वैज्ञानिक प्रो उमेश कुमार ने कैंसर के प्रमुख कारणों, रोकथाम और उपचार पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैंसर लाइलाज नहीं है परंतु यदि समय से जांच और इलाज नहीं किया गया तो यह जानलेवा हो सकता है। भारत में प्रतिवर्ष करीब 18 लाख नए केस सामने आते हैं जिसमें से 80 प्रतिशत तीसरा यानी एडवांस स्टेज के होते हैं। प्रतिवर्ष 12 लाख से अधिक कैंसर मरीजों की मृत्यु हो जाती है। कैंसर के कारणों में 15 से 20 प्रतिशत अनुवांशिक तथा 80 से 85 प्रतिशत अन्य कारण, जिसमे तंबाकू का सेवन तथा दूषित मिलावटी खानपान प्रमुख हैं।

निष्क्रिय जीवनशैली, मद्यपान से मोटापा होना भी कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इसके साथ पर्यावरण प्रदूषण, कृषि में रसायनों का अत्यधिक प्रयोग, खाद्य पदार्थ में मिलाए जाने वाला कृत्रिम रंग, परिरक्षक कैंसर को बढ़ावा देते हैं। महिलाओं में होने वाले स्तन तथा सर्वाइकल कैंसर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसका प्रमुख कारण देर से शादी तथा बच्चे का देर से होना है। सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को प्रभावित करता है। लड़कियों को 9 से 14 वर्ष की उम्र में अगर टीकाकरण हो जाए तो वयस्क होने पर कैंसर का खतरा कम हो जाता है।

### मेरठ कॉलेज ने अग्रिम प्रवेश नीति के तहत आर जी इंटर कॉलेज में की काउंसिलिंग
### डिपार्टमेंट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने प्रारंभ की अनूठी पहल



पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत वाली संस्था मेरठ कॉलेज मेरठ में सदैव से ही कुछ ना कुछ अभिनव प्रयोग होते रहे हैं। इसी कड़ी में आज मेरठ कॉलेज के डिपार्टमेंट आफ प्रोफेशनल स्टडीज ने आर जी इंटर कॉलेज में काउंसलिंग प्रारंभ की। इस काउंसलिंग टीम का नेतृत्व विभाग के समन्वयक श्री अरविंद कुमार एवं प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज द्वारा किया गया। इस काउंसलिंग का संपूर्ण संचालन होम साइंस विभाग की अध्यक्षा श्रीमती अर्पणा ने किया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ही मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं प्राचार्य डॉ मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में विभिन्न एडमिशन कमेटियों की एक मीटिंग आहूत की गई थी। जिसमें मेरठ कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी ने सभी विभागों के प्रवेश कमेटियों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे मेरठ शहर के अंदर और ग्रामीण क्षेत्र में अभी से ही क्रमवार इंटर कॉलेज संस्थाओं से संपर्क करें और मेरठ कॉलेज के विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों में छात्रों की सीट सुरक्षित करवाये। श्री अरविंद कुमार ने छात्राओं को बताया कि मेरठ कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग में बीएससी कंप्यूटर साइंस और एमएससी कंप्यूटर साइंस का कोर्स संचालित है जो की बीसीए एवं एमसीए के समक्ष है। इसको करके छात्र शीघ्र रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। होम साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आलिया ने छात्राओं को सूचित किया कि क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स एक बहुत ही आधुनिक रोजगार परक कोर्स है, जो मेरठ कॉलेज में संचालित है, जिसमें विद्यार्थी टेन प्लस टू में न्यूनतम 45 प्रतिशत नंबरों के साथ प्रवेश ले सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद मेट्रो ग्रुप आफ हॉस्पिटल्स, पेप्सी, सिप्ला एवं मदर डेयरी जैसी कंपनियों में मेरठ कॉलेज से छात्र चयनित होते रहे हैं। श्रीमती मोनिका शर्मा ने कहा कि बायोटेक डिपार्टमेंट में बीएससी बायोटेक संचालित है और फिजिकल एजुकेशन विभाग में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन कोर्स संचालित है। इसी प्रकार मेरठ कॉलेज में बीकॉम एलएलबी एवं बीए एलएलबी के 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स भी उपलब्ध हैं जिससे छात्र न्यायिक सेवाओं में, आर्मी में, कॉरपोरेट सेक्टर में चयनित होते रहे हैं। वर्तमान में ही एक नया अति आधुनिक कोर्स पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन साइबर क्राइम एंड लॉ मेरठ कॉलेज में लॉन्च किया गया है, जिसकी अवधि एक वर्ष की है और कोई भी स्नातक न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ इसमें प्रवेश लेने के लिए योग्य है।

### मेरठ कॉलेज में हुआ जलवायु परिवर्तन पर दो पुस्तकों का विमोचन



दिनांक 6 फरवरी 2024 को दो पुस्तकों का विमोचन मेरठ कॉलेज मेरठ के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार रावत तथा श्री विवेक गर्ग, सचिव मेरठ कॉलेज मेरठ प्रबंध समिति द्वारा किया गया। दोनों पुस्तके जलवायु परिवर्तन व आपदा प्रबंधन जोखिम व आपदा तैयारियों से संबंधित है। एक पुस्तक के संपादक संयुक्त रूप से प्रो राजीव कुमार एवं प्रो नीरज तोमर हैं। यह पुस्तक जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता, प्रबंधन एवं संपोषणीय भविष्य से संबंधित नीतियों पर आधारित है। दूसरी संपादकीय पुस्तक जलवायु परिवर्तन व प्राकृतिक आपदाएं, तैयारी, अल्पीकरण व प्रबंधन नीतियों पर आधारित है। इसके संपादक प्रो नीरज तोमर है।

### मेरठ कॉलेज ने जीता अंतर महाविद्यालयी पुरुष एवं महिला वूशु प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल
### शतरंज में मेरठ कॉलेज बना उपविजेता



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय वुशु महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत में किया गया जिसमें मेरठ कॉलेज के 8 पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 6 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किये तथा 3 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें दो स्वर्ण पदक एक रजत पदक प्राप्त किया।

### मेरठ कॉलेज के नेतृत्व में बनेगा अनुदानित महाविद्यालयों का प्रदेश स्तरीय फोरम।
### फोरम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षकों को सुविधा एवं छात्रों को बेहतर शिक्षा देना : विवेक गर्ग

दिनांक 16 फरवरी 2025 दिन रविवार को दोपहर 2:00 बजे मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक कमेटी हॉल में मेरठ विश्वविद्यालय परिक्षेत्र से संबंधित सभी



अनुदानित महाविद्यालयों के प्रबंध तंत्र की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने की। इस बैठक में गाजियाबाद जिले का प्रतिनिधित्व लाला लाजपत राय कॉलेज के एस डी कौशिक, बुलंदशहर जिले का बी ए वी कॉलेज के श्री अरुण गर्ग, बागपत जिले के बड़ोत के जैन स्थानक कॉलेज के डॉक्टर अमित जैन, नोएडा  के मिहिर भोज कॉलेज के श्री वेदपाल भाटी एवं मेरठ के कनोहर लाल कॉलेज के श्री दिनेश सिंघल ने किया। इस सभा में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश स्तर के इस संगठन का नाम फोरम आफ ऐडेड कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन ऑफ उत्तर प्रदेश रखा जाए। बैठक को संबोधित करते हुए डीएन डिग्री कॉलेज के संयुक्त सचिव श्री संजीवेश्वर त्यागी ने बताया कि सभी अनुदानित महाविद्यालयों की समस्याएं एक सी हैं और संगठन बनाकर के ही इन समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। अतः इस संगठन का निर्माण समय की मांग है।



### नगर महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने किया मेरठ कॉलेज में शौचालय का लोकार्पण

दिनांक 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे मेरठ कॉलेज में छात्र एवं छात्राओं के लिए दो अलग–अलग अति आधुनिक शौचालयों का लोकार्पण मेरठ के महापौर श्री हरिकांत अहलूवालिया एवं मेरठ कॉलेज प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल ने किया। यहां बताते चलें कि काफी समय से छात्र–छात्राओं की मांग थी कि महाविद्यालय परिसर में छात्रों एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग आधुनिक शौचालयों का निर्माण होना चाहिए। मेरठ कॉलेज के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल एवं सेक्रेटरी श्री विवेक कुमार गर्ग ने मेरठ नगर निगम से वार्ता कर उक्त दो शौचालयों का निर्माण सुनिश्चित किया। इस कार्यक्रम में मेरठ के नगर आयुक्त के साथ–साथ प्रोफेसर नीरज कुमार, प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज, प्रोफेसर चंद्रमौली एवं प्रोफेसर युद्धवीर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।



### मेरठ कॉलेज में हुई सृजन 2025 की शुरुआत

मेरठ कॉलेज में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में बुधवार को 'सृजन 2025' का शुभारंभ हुआ। इसमें पहले दिन आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी कृतिका सिंह ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यवाहक प्राचार्य प्रो नीरज कुमार, मुख्य अतिथि एवं सेवानिवृत जज प्रो पीसी शर्मा एवं डॉ मनीषा त्यागी ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो रेखा राणा ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। आशुभाषण प्रतियोगिता में इक्कीस प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित विचार रखे। इसे पश्चात प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई। इसमें कृतिका सिंह ने प्रथम, मुक्ता भारद्वाज ने द्वितीय एवं वैभव भट्ट, प्रियंका सिंह एवं श्वेता चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### मेरठ कॉलेज में हुआ त्रिदिवसीय रोवर रेंजर कैंप का समापन।

मेरठ कॉलेज मेरठ में दिनांक 20 फरवरी 2025 को तीन दिवसीय रोवर रेंजर शिविर का समापन समारोह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नीरज कुमार ने की। कार्यक्रम में मेरठ कॉलेज की डीन प्रोफेसर अनीता मलिक, आंतरिक गुणवत्ता केंद्र कोर्डिनेटर प्रोफेसर अर्चना सिंह, मेरठ कॉलेज के प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज द्वारा रोवर रेंजर की सभी टीमों के द्वारा बनाए गए तम्बूओं का निरीक्षण किया गया।



### मेरठ कॉलेज में होली पर हुई रंगोली प्रतियोगिता

मेरठ कॉलेज का ललित कला विभाग शुक्रवार को रंगों से सराबोर हो गया। इससे यहां का माहौल फाल्गुनी हो गया। ऐसा साहित्यक एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित अंतर संकाय रंगोली प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला। इसका विषय होली पर्व रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रो नीरज कुमार ने किया। वहीं प्रतिभागियों ने भारतीय लोक परंपरा एवं संस्कृति की अपनी भावनाओं को रंगोली के जरिए उकेर कर होली की उमंग उत्पन्न कर दीं। प्रतियोगिता की जज सेवानिवृत प्रो उषा किरण एवं प्रो मधु वाजपेई ने रंगोली के महत्व के बारे में गहन जानकारी दी। उधर, प्रतियोगिता में एमएड की छात्रा रूपा प्रथम, एमए की पूजा द्वितीय, एमए की प्रीति यादव एवं बीएससी की स्मिता सिंह तृतीय रहीं।



### मेरठ कॉलेज के मूट कोर्ट में 28 फरवरी को हुई स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता

साहित्यक एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'सृजन 2025' के तहत स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता हुई। इसमें  छात्र –छात्राओं ने स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान कई छात्राओं ने मौजूदा चुनौतियां विषय पर कविताएं पढ़ीं। इस अवसर पर जज के रूप में प्रख्यात कवि सुमनेश कुमार सुमन एवं डॉ रामगोपाल भारतीय मौजूद रहे। उन्होंने छात्र –छात्राओं को कविता के तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। वहीं, कविता को विचारों की अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम माध्यम बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद की संयोजिका प्रोफेसर रेखा राणा ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।


–:: संरक्षक ::–

**प्रो० मनोज कुमार रावत**

प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: सम्पादक ::–

**प्रो० चन्द्रशेखर भारद्वाज**

इतिहास विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: न्यूजलैटर समिति ::–

1. प्रो. प्रवीण दुबलिश
2. प्रो. रामयज्ञ मौर्य
3. प्रो. अर्चना सिंह
4. प्रो. हरजिंदर सिंह